# विकास कार्यों में गति, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**साप्ताहिक समीक्षा :**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक प्राथमिकताओं को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी त्योहारों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और जन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निवारण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि खंडवा शहरी क्षेत्र में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए, ताकि आगामी गणेशोत्सव एवं नवदुर्गा उत्सव के दौरान पर्यावरण नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा और अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशासनिक स्तर पर भूजल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जल संवर्धन से संबंधित समस्त कार्य आगामी 15 जून से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिए जाएं। इसके अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में स्थित पेयजल स्रोतों को रिचार्ज करने के लिए उनके आसपास सोख्ता गड्ढे और अन्य जल पुनर्भरण संरचनाएं विकसित करने पर विशेष बल



दिया गया। इसके अतिरिक्त, सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के मद्देनजर ओंकारेश्वर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किए लंबित न रहे। व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण से पूर्व संबंधित अधिकारी स्वयं आवेदक से संवाद करें और उनकी संतुष्टि के आधार पर ही प्रकरण का निपटारा करें।

वहीं, किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों के गेहूं व चना उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने को कहा गया है, जिससे उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# क्षेत्र की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलीं विधायक छाया मोरे



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा को लेकर पंधाना विधायक छाया मोरे ने सोमवार को भोपाल स्थित स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री द्वारा धूप में खड़े रहने का कारण पूछने पर विधायक ने बताया कि क्षेत्र की आवश्यक समस्याओं के त्वरित निराकरण और मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण उन्होंने स्टेट हैंगर पर ही मुलाकात करना उचित समझा। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुलाकात के दौरान विधायक छाया मोरे ने पंधाना में स्वीकृत माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी, ताकि आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत बोरगांव बुजुर्ग को नगर परिषद का दर्जा देने की मांग दोहराई, जिस पर मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

गर्मी के मौसम में क्षेत्र के जल संकट को देखते हुए विधायक ने सुक्ता जलाशय, पंधाना उद्वहन सिंचाई योजना और राजगढ़ भाम मध्यम सिंचाई योजना से तत्काल पानी छोड़े जाने का आग्रह किया, ताकि ग्रामीणों और मवेशियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही जल निगम की वृहद पेयजल योजना का कार्य समय पर पूरा करने की मांग की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। क्षेत्र में विधायक की इस सक्रियता की सराहना की जा रही है।

# महिला आईटीआई कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय महिला आईटीआई कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सशक्त नारी ङ्क सुरक्षित भविष्य थीम पर आधारित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं को उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी देना था।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट-2012) और चाइल्ड फ्रेंडली प्रोसीजर पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रिपोर्टिंग और सुनवाई के दौरान कानून किस तरह संवेदनशील और सुरक्षित प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही शिविर में दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम सहित साइबर अपराधों पर विस्तृत कानूनी जानकारी दी गई। छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर फ्रॉड से बचाव और ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की व्यावहारिक प्रक्रिया भी समझाई गई।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विधिक विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं और प्रश्न भी रखे, जिनका सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया गया।इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य अश्विन बमनका, व्याख्याता राजेश बछानिया, पैरा लीगल वालंटियर गणेश कनाडे सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## तीन आरोपी गिरफ्तार, झपटे गए दो मोबाइल बरामद

**खंडवा।** थाना पंधाना पुलिस ने झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त मोबाइल की कुल कीमत करीब 23 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेंद्र तारनेकर एवं एसडीओपी श्री अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की। फरियादी शुभम असलकर निवासी ग्राम बिहार कोहदड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 मार्च 2026 को वह अपने मित्र आकाश भास्कले के साथ आईटीआई कॉलेज जा रहा था। इसी दौरान न्यू सीएम राइज स्कूल के सामने बाइक सवार तीन युवकों ने दोनों के मोबाइल छीन लिए और फरार हो गए।मामले में थाना पंधाना में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिए। कार्रवाई में निरीक्षक दिलीप सिंह

# ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने किया 41 यूनिट रक्तदान



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ओंकारेश्वर में विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग मंदिर में वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत नि:शुल्क दर्शन की सुविधा दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि रविवार 17 मई को ओंकारेश्वर पहुंचे 41 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया और नि:शुल्क वीआईपी दर्शन सुविधा का लाभ लिया ।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए झूला पुल के पास स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान की व्यवस्था की गई है। डॉ जुगतावत ने नागरिकों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील भी की।

# साध्वी कृष्णप्रिया के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्री गणेश गौशाला परिसर में आयोजित संगीतमय श्री 'नानी बाई को मायरो' कथा के शुभारंभ पर आज वृंदावन की सुप्रसिद्ध कथावाचक साध्वी कृष्णप्रिया जी का खंडवा आगमन हुआ।

नगर सीमा में प्रवेश करते ही आयोजन समिति के सदस्यों आशीष चटकेले, भूपेंद्र चौहान, डॉ. राधेश्याम पटेल, मांगीलाल पटेल और सुनील जैन सहित स्थानीय श्रद्धालुओं ने पलक-पावड़े बिछाकर उनका आत्मीय और भव्य स्वागत किया।

इसके पश्चात गणेश गौशाला परिसर में मुख्य यजमानों और समिति सदस्यों द्वारा व्यास पीठ व गौ माता के विधि-विधान से पूजन के साथ कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन ही पंडाल श्रद्धालुओं, विशेषकर मातृशक्ति से खचाखच भरा नजर आया। व्यास पीठ से साध्वी कृष्णप्रिया ने अपने मधुर भजनों और ओजस्वी वाणी से समां बांध दिया। उन्होंने कहा कि नानी बाई को मायरो केवल भात भरने की रस्म नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के अटूट विश्वास की जीवंत गाथा है। जब भक्त संसार के सारे सहारे छोड़कर सांवरिया पर भरोसा कर लेता है, तो नारायण को भी उसकी लाज रखने आना पड़ता है। साध्वी जी ने भक्त शिरोमणि नरसी मेहता के प्रारंभिक जीवन, उनके वैराग्य और अनन्य कृष्ण भक्ति का मार्मिक वृतांत सुनाया। उन्होंने बताया कि तंगहाली और सामाजिक तानों के बावजूद नरसी जी का विश्वास कभी डगमगाया नहीं।

यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे और भजनों पर जमकर झूमे। समिति सदस्यों ने बताया कि कल नानी बाई के ससुराल से आने वाले मायरे के निमंत्रण (भात के नूतन) का प्रसंग सुनाया जाएगा। प्रथम दिन की कथा का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## बिना रेत-गिट्टी के बन गई नाली, एक ही दिन में निकाल दी पूरी राशि

**खंडवा ।** पंधाना जनपद की ग्राम पंचायत बलरामपुर में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। बंदरला में स्वीकृत पक्की नाली एवं पाइप क्रॉसिंग निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार वर्क आईडी 101021316 के तहत 51 हजार रुपए की राशि से कार्य स्वीकृत हुआ था। तकनीकी स्वीकृति टीएस नंबर 1204 दिनांक 03 जनवरी 2023 को जारी हुई। इसके बाद 13 फरवरी 2023 को ही पूरी स्वीकृत राशि का भुगतान कर दिया गया। रिकॉर्ड के मुताबिक दीपक पटेल निवासी बलरामपुर को 30 हजार रुपए तथा शिवकरण सूरतिया को 20 हजार रुपए का भुगतान किया गया। दोनों बिलों में केवल सीमेंट पाइप और मजदूरी का उल्लेख है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिलों में सीमेंट, रेत और गिट्टी जैसी सामग्री का जिक्र नहीं

# आस्था भी, आधुनिकता भी! श्री कृष्ण बालाजी नगर में ऐतिहासिक शुरुआत

**श्री कृष्ण बालाजी नगर में अत्याधुनिक क्लब हाउस का भूमि पूजन**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ओंकारेश्वर के समीप सनावद स्थित श्री कृष्ण बालाजी नगर में आधुनिक आवासीय सुविधाओं की दिशा में एक बड़ी शुरुआत हुई है। कॉलोनी परिसर में क्षेत्र के सबसे विकसित और सर्वसुविधायुक्त क्लब हाउस का निर्माण कार्य भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। बालाजी ग्रुप के संचालक व समाजसेवी रितेश गोयल ने बताया कि हमारे द्वारा शुरू की गई यह परियोजना आसपास के पूरे क्षेत्र में आधुनिक जीवनशैली और सुख-सुविधाओं का एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी ।अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए इस क्लब हाउस में निवासियों और पर्यटकों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसकी मुख्य विशेषताओं में एक



ओपन रूफटॉप रेस्टोरेंट शामिल है, जहाँ लोग खुले आसमान के नीचे खूबसूरत नजारों के साथ व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके अलावा यहाँ क्षेत्र का सबसे बड़ा और आधुनिक स्विमिंग पूल, सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए एक भव्य बैंक्वेट हॉल, हाई-टेक जिम व स्पा जैसी सुविधाओं से लैस फिटनेस सेंटर और विभिन्न इनडोर खेलों की व्यवस्था की जाएगी। कॉलोनी में हरियाली से भरपूर और आकर्षक वास्तुकला से सजे बगीचे भी विकसित किए गए हैं।

**धार्मिक और पर्यटन का केंद्र बनेगा परिसर-**

बालाजी ग्रुप इस परियोजना को धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से भी बेहद खास बना रहा है। परिसर में भगवान केदारनाथ का एक भव्य मंदिर आकार ले रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए गहरी आस्था का केंद्र बनेगा। इसके साथ ही यहाँ आकर्षक %सेकंड होम% का निर्माण भी किया जा रहा है। ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए ठहरने और समय बिताने के लिहाज से यह पूरा प्रोजेक्ट एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है।

**भूमि पूजन में गणमान्य नागरिक रहे मौजूद-**

विधि-विधान से संपन्न हुए इस भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, प्रोजेक्ट की तकनीकी टीम और बालाजी ग्रुप का स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहा। इस अवसर पर अनुज अग्रवाल (मामाजी), इंजीनियर जितेंद्र पाटिल, इंजीनियर आयुष शर्मा, दीपक पटेल, राजेंद्र सोनारिश, दिनेश चौधरी, प्रीतिबला गोर, हिमांशु कौशल, दिनेश यादव और जितेंद्र सहित समूह के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने बालाजी ग्रुप के इस विजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से ओंकारेश्वर रोड और आसपास के पूरे क्षेत्र के गौरव व विकास में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत भीकनगांव से सुरक्षित दस्तयाब हुई नाबालिग

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंधाना थाना अंतर्गत बोरगांव पुलिस चौकी ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए भीकनगांव से एक अपहृत नाबालिग लड़की को सुरक्षित दस्तयाब किया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाबालिग को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस के अनुसार, सूक्त कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने बोरगांव पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। फरियादी की शिकायत पर पंधाना थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल सिंह चौहान एवं पंधाना थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा के निर्देशन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अविनाश भोपले ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर नाबालिग की तलाश शुरू की। इसी दौरान 16 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त नाबालिग लड़की भीकनगांव के पास देखी गई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बोरगांव चौकी प्रभारी अविनाश भोपले पुलिस टीम के साथ तत्काल भीकनगांव के लिए रवाना हुए और नाबालिग को वहां से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी अविनाश भोपले, सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र बिसेन, प्रधान आरक्षक राकेश अवासे, महिला आरक्षक मनीषा गोयल, आरक्षक राहुल राजपूत और आरक्षक धर्मेंद्र भावस्कर की सराहनीय भूमिका रही।

**एक नजर** **ई-फार्मेसी का विरोध :**

# 20 मई को 450 से ज्यादा मेडिकल दुकानें रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में ई-फार्मेसी के कथित अवैध संचालन के विरोध में 20 मई को 450 से अधिक थोक और फुटकर मेडिकल दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर के मेडिकल संचालकों ने एक दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया है। हालांकि मरीजों की आपात जरूरतों को देखते हुए सरकारी जन औषधि केंद्र और नर्सिंग होम से जुड़ी मेडिकल सुविधाएं खुली रहेंगी।



जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोवर्धन गोलानी ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के बढ़ते चलन से जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। उनका आरोप है कि कई ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म पर्याप्त निगरानी के बिना दवाओं की सप्लाई कर रहे हैं, जिससे नकली, गलत और अनुचित भंडारण वाली दवाओं के बाजार में आने का खतरा बढ़ गया है। एसोसिएशन ने कहा कि दवाओं के सुरक्षित वितरण के लिए डॉक्टर की पर्ची और फार्मासिस्ट की निगरानी बेहद जरूरी होती है। मेडिकल स्टोर पर मरीज की स्थिति और प्रिस्क्रिप्शन देखने के बाद ही दवा दी जाती है, जबकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इस प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। केमिस्ट एसोसिएशन ने यह भी चिंता जताई कि लोग अब ऍङ्क आधारित प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन माध्यमों से सीधे दवाएं मंगाने लगे हैं। इससे बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं के उपयोग का खतरा बढ़ रहा है। बड़े शहरों में तेजी से बढ़ रहा यह ट्रेंड अब छोटे शहरों तक भी पहुंचने लगा है।पदाधिकारियों के अनुसार ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण नहीं होने से एंटीबायोटिक दवाओं के गलत इस्तेमाल में वृद्धि हो सकती है, जिससे एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या और बढ़ सकती है। वहीं नशीली और प्रतिबंधित दवाओं की अवैध सप्लाई बढ़ने से अपराध बढ़ने की आशंका भी जताई गई है। हड़ताल को देखते हुए एसोसिएशन ने नियमित रूप से दवा लेने वाले मरीजों से अपील की है कि वे 20 मई से पहले अपनी जरूरी दवाओं की व्यवस्था कर लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बंद के दौरान जिले की अधिकांश निजी मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी।

# आवारा श्वानों के प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**खंडवा।** नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संस्थागत परिसरों में श्वान काटने की घटनाओं की रोकथाम और आवारा श्वानों के प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर समिति गठित की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गठित इस समिति में जिला पंचायत सीईओ को सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं नगर निगम आयुक्त सहित पशु चिकित्सा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और पुलिस विभाग के जिला अधिकारियों तथा महाविद्यालय प्राचार्यों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर भी मौजूद रहे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों जैसे कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बाउंड्रीवाल निर्माण कर आवारा श्वानों का प्रवेश रोका जाए।

उन्होंने आवारा श्वानों के लिए आश्रय स्थल विकसित करने तथा श्वानों को पकड़कर वहां रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सरकारी अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के लिए कहा। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा को पालतू गायों की टैगिंग कराने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि टैगिंग वाली गाय यदि शहर के सार्वजनिक स्थलों पर घूमती पाई गई तो संबंधित मालिक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।